## संक्षिप्त

### राजस्थान में लागू होगा गुजरात मॉडल :प्रेम सिंह बाजोर

**करौली( निसं )।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सैनिक कल्याण बोर्ड मंत्री प्रेम सिंह बाजोर ने कहा कि राजस्थान में गुजरात मॉडल लागू कर विकास को नई दिशा दी जाएगी। उन्होंने राम विकास रथ यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं एवं सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। इसके लिए रथ यात्रा में सुझाव पेटिका रखी गई है, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं सुझाव लिखकर डाल सकेंगे। प्रेम सिंह बाजोर ने कहा कि गुजरात की तर्ज पर राजस्थान में डेयरी एवं अन्य उद्योगों का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को विकसित राजस्थान बनाने का लक्ष्य लेकर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कांग्रेस शासन पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले शासनकाल में अनेक घोटाले हुए तथा कई कैबिनेट मंत्रियों को जेल तक जाना पड़ा। भाजपा जनसेवा के लिए समर्पित पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता तन-मन-धन से संगठन के लिए कार्य करता है।भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि करौली जिले में सैनिक कल्याण बोर्ड की कैंटीन खोलने की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, रमेश राजौरिया, महेंद्र मीणा, प्रहलाद सिंघल, सुरेश शुक्ला, योगेश शर्मा, अजय पाल, उत्तम सिंह, जितेंद्र पीचानोत, सत्यनारायण शर्मा, आशुतोष तिवारी, पुष्पेंद्र सैनी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तीन विद्यालयों में लगेंगे शिविर

**करौली( निसं )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिले के तीन विद्यालयों में किया जाएगा। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि बालक-बालिकाओं में श्रम के प्रति निष्ठा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहला शिविर 18 मई से राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय, आयुर्वेद औषधालय के सामने सदर बाजार करौली में आयोजित होगा। दूसरा शिविर शिकारगंज क्षेत्र की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 शिकारगंज में तथा तीसरा शिविर श्रीमहावीरजी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में लगाया जाएगा। 20 जून तक चलने वाले इन शिविरों में सिलाई, मेहंदी, पेंटिंग, नृत्य, सॉफ्ट टॉयज, ब्यूटीशियन, ढोलक वादन, कंप्यूटर, कर्सिव राइटिंग, फ्लावर मेकिंग एवं क्रोशिया आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जीवनोपयोगी वार्ताएं, स्थानीय भ्रमण तथा स्काउट-गाइड गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण शिविरों के आवेदन पत्र संबंधित शिविर केंद्रों एवं स्काउट-गाइड जिला मुख्यालय चौबे पाड़ा करौली से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### 'निजी क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का प्रयास जरूरी'

**करौली( निसं )।** करौली जिला मुख्यालय के निकट हजारीपुरा गांव में शिक्षक शांतनु पाराशर द्वारा संचालित नि:शुल्क तपोस्थली पुस्तकालय में करौली निवासी उद्योगपति एवं कॉग्निवेरा मल्टीनेशनल आईटी कंपनी के मालिक कमलेश शर्मा तथा सिद्धिविनायक होटल के वीरेन्द्र शर्मा अपने साथियों सहित पहुंचे। तपोस्थली की छात्राओं ने तिलक लगाकर तथा ग्रामीणों ने माला एवं साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षक शांतनु पाराशर ने बताया कि समृद्ध हजारीपुरा और गांव के हर घर में सरकारी कर्मचारी के उद्देश्य से गांव के प्रतियोगी विद्यार्थियों के लिए शहर जैसी सुविधाओं से युक्त तपोस्थली पुस्तकालय का नि:शुल्क संचालन किया जा रहा है। यहां 62 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, जिनमें 40 बेटियां और 22 बेटे शामिल हैं। पुस्तकालय 24 घंटे खुला रहता है। कमलेश शर्मा ने कहा कि यह तपोस्थली गांव की दिशा और दशा बदलने वाली पहल साबित होगी। उन्होंने युवाओं से केवल सरकारी नौकरी तक सीमित न रहकर निजी क्षेत्र में भी अवसर तलाशने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और वे इस अभियान में सदैव सहयोग के लिए तैयार हैं।

# 'भरतपुर में बाधारहित सुगम यातायात की दिशा में जिला न्यायालय का महत्वपूर्ण निर्णय'

**भरतपुर ( निस )।** यहां के जिला न्यायालय ने एक जनहित वाद में भरतपुर में वैडिंग जोन व नोनवैडिंग जोन को अविलम्ब सक्रिय कर उसके सुव्यवस्थित संचालन विक्रय गतिविधियों पर नियंत्रण रखने/वैडिंग जोन को पुनः स्थापित कर नोन वैडिंग जोनों को खाली कराने का निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि नोन वैन्डिंग जोन में किसी प्रकार की विक्रय गतिविधियां न हों। न्यायालय के इस आदेश को भरतपुर की व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

भरतपुर के विक्रय क्षेत्र में अव्यवस्थित सार्वजनिक स्थलों व आम रास्तों पर अतिक्रमण पूरे शहर में अनियंत्रित पथ विक्रय आदि की समस्याओं को लेकर भकरतपुर के प्रबुद्ध नागरिक नगर सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गुलराज गोपाल, पुरातन धरोहर संरक्षण समिति केक अध्यक्ष दिनेश सिंह, लायंस क्लब के अध्यक्ष मदन गोपाल शर्मा व एडवोकेट ब्रजेश चतुर्वेदी ने भरतपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ शर्मा के माध्यम से जिला न्यायालय में एक जनहित वाद कर भरतपुर की स्थिति की गहन पीडा को उजागर किया। वाद में कहा गया कि भरतपुर अपनी स्थिति, स्थापत्य एवं प्राकृतिक विशिष्ठता के कारण विश्व प्रसिद्ध स्थल हैं जो राजसथान के पूर्वसिंह द्वार के नाम से जाना जाता है तथा ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण लोहागढ के लिए विश्व प्रसिद्ध स्थल हैं जहां अनेक ऐतिहासिक भवन, स्थापत्य कला एवं धरोहर के कारण प्रमुख र्प्यटक स्थलों के एक होने केक साथ र्प्यटन के मानचित्र पर सानी रखता है परन्तु यह शहरी व्यवस्थाएँ नगण्य हैं।

सरकारी उपेक्षा व कर्तव्यों केक निवा्रहन में कोताही के कारण पूरा शहर अव्यवस्थित है। सभी जन मार्ग सरकूलर रोड, कुम्हेर गेट से मथुरा गेट मुख्य बाजार में अवैध विक्रय, अतिक्रमण, गंदगी व दुर्गन्ध से आवृत है। चल व अचल पथ विक्रेताओं का साम्राज्य है। कोई भी जहां चाहे कचौडी पकौडी की ढकेल, सब्जी व फल विक्रय के ढकेल, देहरी, चाट भंडार, खोलते तेल की भट्टियां लगालें, इनके ऊपर कोई नियंत्रण नहीं है। वाद पत्र में कहा गया है कि ग्रद्यिप पथ विक्रय के नियम बने हुए हैं नगर निगम ने वैन्डिंग जोन व नोन वेन्डिंग जोन बनादिये लेकिन उसे सक्रिय नहीं किया। परिणामत् भरतपुर कोई भी जन मार्ग व सार्वजनिक स्थल पथ विक्रय में अछूता नहीं है। यह गंदगी उत्सर्जित होती है जो बदबू में परिवर्तत हो जाती है। आवारा जानवर इकठठे हो जाते हैं आपस में लडते हैं जिसके कारण राहगीर चोटिल हो जाते हैं कई लोगों के मरने की भी सूचना है। सभी मार्ग अवरूद्ध हैं लोगों के आवागमन में बाधा आती है।

उन्होंने यह भी कहा कि भरतपुर एक टयूरिस्ट प्लेस है देशी विदेशी सैलानी जो नेशनल पार्क देखने आता है वह किला, अजायबघर तथा मंदिरों को देखने शहर में आता है तो वहां की गंदगी, टेफिक बाधाएँ अनियंत्रित वैन्डिंग की भीड उन्हें बाधा उत्पन्न करती है जिससे न केवल उनकी रूचि खत्म हो जाती है व बाहर देश व विदेश में भरतपुर की छवि खराब होती है। चारों ओर बिल्डिंग मेटेरियल का निर्वाध विक्रय भरतपुर की सुन्दरता में बहुत बडा दाग के रूप में देखा जाता है।

लेकिन नगर निगम की अनदेखी के कारण किसी भी नियम की पालना नहीं होतौ। बिना अनुज्ञा पत्र विक्रय किये जाने को छूट देकर निगम को आर्थिक क्षित पहुँचाई जा रही है। भरतपुर डिवीजनल मुख्यालय होते हुए भी प्रशासनिक अनदेखी के कारण एक बडी हाट के रूप में परिवर्तित हो गया है। इस गहरी वेदना को सुव्यवस्थित शब्दों में परिलक्षित वकरते हुए प्रस्तुत वाद पर साक्ष्य भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई।

माननीय जिला न्यायाधिपति बलजीत सिंह ने 30.4.2026 को पारित 19 पृष्ठीय निर्णय में वाद पत्र को स्वीकार करते हुए यह निर्णय दिया है । निर्णय में वाद पत्र को स्वीकार करते हुए यह निर्णय दिया है निर्णय में यह आदेशित किया गया है कि रजिस्टर्ड पथ विक्रेताओं के अतिरिक्त अन्य पथ विक्रेता को किसी प्रकार की विक्रय गतिविधि संचालित करने रोका जावे। निषिद्धि क्षेत्र में किसी प्रकार की गतिविधि वस्तुओं बिल्डिंग मेटेरियल कवाडे का एकत्रीकरण भंडारण व विक्रय नहीं होने देवें। सार्वजनिक मार्गों व सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण व व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दें। यातायात बाधा उत्पन्न नहीं होने देवें सभी मार्गों पर बाधारहित व सुरक्षित आवागमन व पूर्ण रूप से अनुयास विहीन आवागमन सुंनिश्चित करें। सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण को अविलम्ब दूर करें। मार्गों की उचित चौडाई मेनटेन करें। पथ विक्रेताओं पर नियमानुसार प्रभावी नियंत्रण व नियमित पर्वेक्षण अधिनियम 2014 के दिशा निर्देशों का पालन करें।

## भरतपुर में अतिक्रमण हटाने की मांग तेज, नगर निगम आयुक्त को दी पुन: धरने की चेतावनी

■ 7 दिन में कार्रवाई के आश्वासन के बाद भी नहीं टूटा अतिक्रमण, 11 मई से निगम कार्यालय के बाहर फिर शुरू होगा क्रमिक धरना

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए शहर की एक महिला ने पुन: धरना देने की चेतावनी दी है। जघीना गेट गोपालगढ़ क्षेत्र निवासी मिथलेश शर्मा पत्नि चंद्रभान कटारा ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि यदि 3 दिन के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वह 11 मई सोमवार से नगर निगम कार्यालय के सामने दोबारा क्रमिक धरना शुरू करेंगी।

मिथलेश शर्मा पत्नी चन्द्रभान कटारा ने आरोप लगाया कि उनके निवास के पास एक अतिक्रमणकारी द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम प्रशासन पिछले 6 महीनों से केवल नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा दो बार नोटिस देने के बावजूद आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। महिला ने कहा कि उन्होंने 1 मई 2026 को नगर निगम कार्यालय के सामने क्रमिक धरना शुरू किया था। इस दौरान नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह द्वारा 7 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन दोपहर 1:30 बजे धरना समाप्त कर दिया था। लेकिन तय समय गुजरने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से नाराज महिला ने अब फिर से आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव के कारण निगम प्रशासन कार्रवाई करने से बच रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि धरने के दौरान उन्हें या उनके परिवार को किसी प्रकार की क्षित होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। मिथलेश शर्मा कठपुतली मंदिर वाली गली, व्यास भवन के सामने, जघीना गेट क्षेत्र की निवासी हैं।

## मध्यप्रदेश निवासी कुख्यात बदमाश सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**करौली ( निसं )।** करौली जिले की करणपुर और सपोटरा थाना पुलिस ने अलग-अलग बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात बदमाश, एक मोटरसाइकिल चोर तथा साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करणपुर थाना पुलिस ने हसनपुर के जंगलों से मध्यप्रदेश निवासी कुख्यात बदमाश भवानी पुत्र राम सिंह केवट निवासी कलरघटी थाना सबलगढ़, मध्यप्रदेश को हथियार सहित गिरफ्तार किया। करणपुर थाना अधिकारी देवेश कुमार ने बताया कि आरोपी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया। इसी प्रकार सपोटरा थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं साइबर ठगी और अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को भी दबोचा। सहायक उप निरीक्षक हरिप्रसाद ने बताया कि साइबर ठगी के आरोपी पीयूष कुमार मीणा पुत्र शेर सिंह मीणा निवासी छोटी उदेई के मोबाइल फोन में फर्जी व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम अकाउंट के माध्यम से लोगों को अश्लील चैट, वीडियो और मैसेज भेजकर ठगी करने के प्रमाण मिले हैं। आरोपी फर्जी तरीके से लोगों से रुपए डलवाता था। पुलिस ने आरोपी पीयूष कुमार मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी जितेंद्र मीणा निवासी डूंडयापुरा तथा अपहरण के मामले में फरार चल रहे विकेश पुत्र रूप सिंह मीणा निवासी गेरई को भी गिरफ्तार किया गया है।

# कार व मोबाईल चोरी के मामले का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद

**करौली( निसं )।** थाना सूरौठ पुलिस ने मात्र 36 घंटे में एक सुनियोजित कार व मोबाईल चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चोरी की गई किआ करेंस क्लाविस कार तथा दो मोबाइल फोन बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी लोकेश सोनवाल ने हिंडोन में आयोजित प्रेस वार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि सूरौठ थाने के धंधावली गांव निवासी विश्वेन्द्र जौनवाल पुत्र रामधन ने 5 मई की रात को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घर के बाहर खड़ी कार सहित दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। सुबह जब परिवार जागा तो कार और मोबाइल गायब थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस वारदात का मास्टरमाइंड कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित के घर पर फर्नीचर का काम करने वाला मिस्त्री इमरान उर्फ इरफान निवासी जंघावली, थाना शेरगढ़, जिला मथुरा ही था। उन्होंने बताया कि आरोपी इमरान आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से परेशान था। उसने धीरे-धीरे परिवार का विश्वास जीता और उनके घर की दिनचर्या, रखे गए रुपयों, आभूषणों, कार की चाबी तथा मोबाइल फोन और डिजिटल भुगतान ऐप्स के पासवर्ड तक की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उसने अपने गांव के दो साथियों नसीम और जलीस को फोन कर बुलाया। सूरोठ बस स्टैंड से ई-रिक्शा के जरिए तीनों धंधावली टोल प्लाजा के पास बने पार्क में बैठकर पूरी चोरी की योजना बनाई। योजना के अनुसार इमरान ने बाजार से कोल्ड ड्रिंक खरीदी और उसमें नींद की गोलियां मिला दीं। वापस घर पहुंचकर उसने परिवार के सदस्यों को वह कोल्ड ड्रिंक पिला दी। हालांकि परिवार के मुखिया विश्वेन्द्र जीनवाल ने ड्रिंक नहीं पी, जिस कारण आरोपी नकदी और आभूषण चुराने में सफल नहीं हो सका। बाद में इमरान ने साथियों को सूचना दी कि परिवार पूरी तरह बेहोश नहीं हुआ है। तब तीनों ने कार चोरी करने का फैसला किया। इमरान ने घर से कार की चाबी और मोबाइल फोन चुराकर साथियों को सौंप दिए, जिसके बाद दोनों आरोपी कार लेकर फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में आरपीएस प्रोबेशनर श्रेष्ठ दीक्षित, थानाधिकारी कालीचरण, एएसआई रामभरोसी एवं डीएसटी टीम ने मामले की गंभीरता से जांच की। टीम ने आसपास के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। टोल प्लाजा पार्क की फुटेज में तीन संदिग्ध युवकों की संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दीं। तकनीकी विश्लेषण, रूट मैपिंग और पूछताछ से आरोपियों की पहचान हुई। पुलिस ने आरोपियों पर पांच पांच हजार के इनाम घोषित कर दिए। इसके बाद पुलिस ने भागने की फिराक में चल रहे आरोपी इमरान को रेलवे स्टेशन से पकड़ा और कड़ी पूछताछ की तो उसने पूरी वारदात कबूल कर ली।एसपी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने मथुरा जिले से आरोपी जलीश व नसीम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने बताया की उन्होंने कार एक लाख रुपए में हरियाणा के अजवाज को बेच दी है। इसके बाद पुलिस ने हरियाणा के नूंह जिले (झिरका क्षेत्र) से चोरी की कार बरामद कर ली और अरवाज को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी सत्येन्द्र पाल सिंह, डीएसपी मुनेश मीना, प्रोबेशनर आरपीएस श्रेष्ठ दीक्षित, सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## नवजात बालिका को टेंपो में छोड़कर फरार हुआ परिवार

**करौली( निसं )।** करौली-हिंडौन रोड स्थित जुगनीपुरा क्षेत्र में एक परिवार द्वारा लगभग 20-25 दिन की नवजात बालिका को रात के समय एक खाली टेंपो में छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि सदर थाना पुलिस द्वारा बालिका को बरामद कर 7 मई 2026 को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बालिका की हालत गंभीर एवं नाजुक होने के कारण उसे करौली-मंडरायल सड़क मार्ग स्थित नए चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु विभाग के वार्ड में भर्ती कराया गया है। वार्ड प्रभारी डॉ. महेंद्र मीणा ने बताया कि बालिका की स्थिति कमजोर होने के चलते उसे ब्लड चढ़ाया गया है।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर मनाया सर हेनरी ड्यूनोट का जन्मदिवस

**भरतपुर ( निस )।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी कार्यालय में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास के अन्तर्राष्ट्रीय संस्थापक सर हेनरी ड्यूनोट का 198वां जन्म दिवस सोसायटी के चेयरमैन एस.एन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम हेनरी ड्यूनोट के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सोसायटी सचिव पवन खंडेलवाल ने रेडक्रास की स्थापना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सन 1862-63 में हेनरी डयूनॉट ने विश्व भ्रमण कर समान विचारधाराओं के देशों में यात्रा कर शांति एवं दो देशों के युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के इलाज कर शांति स्थापित की। अपील पर 16 देशों के साथ जेनेवा कन्वेन्शन में रेडक्रास सोसायटी की स्थापना की जो आज दिन तक करीब 187 देशों में रेडक्रास सोसायटी नियमित संचालन कर रही हैं। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष विशन बंसल ने वर्ष 2024-25 की आडिट रिपोर्ट पेश की। सोसायटी के चेयरमैन एस.एन. अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि मानव सेवा के साथ प्राकृतिक आपदाओं में रेडक्रास सोसायटी हर संभव मदद को तत्पर तैयाररहती है। महिला सदस्या श्रीमति दीपिका मेहता ने कहा कि धर्म, जाति, समुदाय से ऊपर है मानव सेवा। घायल सैनिकों का तत्काल उपचार एवं उनकी तीमारदारी दिव्यांगजन की सेवा ही हमारा धर्म है। इस अवसर पर डॉ. धीरेन्द्र गोधारा के अलावा विशन बंसल, कृष्णकांत गर्ग, चन्द्रशेखर लवानियां, सुभाष जिंदल, रामस्वरूप गुप्ता, सुरेश खंडेलवाल, रूचि खंडेलवाल, राकेश मित्तल आदि उपस्थित थे।

## 'अवकाश कटौती का विरोध तेज', शिक्षकों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ व हनुमान चालीसा का पाठ

■ सैकड़ों शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सद्बुद्धि यज्ञ के माध्यम से शिक्षा मंत्री से माँग की कि शिविरा में शीघ्र संशोधन कर ग्रीष्मावकाश कटौती के आदेश को वापस लेकर 16 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश यथावत रखा जाये

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधान साधिकार में कटौती के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भरतपुर पर सद्बुद्धि यज्ञ और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन और कृष्णसिंह बैसला के नेतृत्व में सैकडों शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सद्बुद्धि यज्ञ के माध्यम से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से माँग की कि शिविरा में शीघ्र संशोधन कर ग्रीष्मावकाश कटौती के आदेश को वापस लेकर 16 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश यथावत रखा जाये।

संगठन के प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना और प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि राजस्थान सरकार ने ग़ह अन्याय पूर्ण फैसला वापस नहीं लिया तो राजस्थान के हजारों शिक्षक राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के बैनर तले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी से सबसे बड़े शिक्षक आंदोलन का आगाज करेंगे इस अवसर पर जिला मंत्री सुधीर कटारा, एकीकृत जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र कुमार, गजेंद्र सिंह शर्मा प्रधानाचार्य, त्रिलोकचंद उपाध्याय , रघुदत्त सिंह गुर्जर (रघु झारकई ), मुकेश पाराशर, भरतेश जैमन ,बृजकिशोर शर्मा, अशोक कुमार, नरेश गुर्जर, महावीर सिंह खटाना, नरेंद्र सांतरूक, मुकेश गुर्जर, नीरज चौहान, तनुजा शर्मा, ममता, शैफाली रस्तोगी, रचना कुमारी, जितेन्द्र कुमार , मोहित जोशी, उमेश चंद , हरिओम बिंदल, अंकुर जिंदल, राजेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, विनोद कटारा, राजेश शर्मा, छगनलाल , टीकेन्द्र सिंह मदेरणा, सुरेश चंद, बलवीर शर्मा, गिरिवर सिंह, वीरेंद्र सिंह चौधरी, बच्चू सिंह, रसाल सिंह, सहित पूरे भरतपुर जिले से सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आरबीएम अस्पताल कर्मियों का बढ़ाया उत्साह

**भरतपुर ( निस )।** एफ एफ फाउण्डेशन के तत्वाधान में सामाजिक सरोकार के तहत आर.बी.एम हॉस्पिटल में कार्यरत टेक्नीकल सहायक कर्मचारियों को फाउण्डेशन के अध्यक्ष मनोज सिंघल, संरक्षक चन्द्रशेखर लवानियाँ, नर्सिंग अधीक्षक विष्णु शर्मा, साहब सिंह एवं लोकेश सिंघल ने टी शर्ट वितरित करते हुये कहा कि चिकित्सालय में मेंटीनेस का दिन-रात कार्य कर रहे कर्मचारियो को प्रोत्साहित किया गया है जिससे उत्साह एवं ऊर्जा से कार्य करे।

# 'भरतपुर-डीग में बैंकिंग क्रांति की पहल'

■ पूर्व सांसद रंजीता कोली ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में नई बैंक शाखाएं और एटीएम खोलने की उठाई मांग

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर भरतपुर और नवगठित डीग जिले के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की जोरदार मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने वित्त मंत्री को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए गांवों में नई बैंक शाखाएं और एटीएम स्थापित करने की आवश्यकता बताई। पूर्व सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और आम लोग बैंकिंग सुविधाओं से वंचित हैं। कई गांवों में बैंक शाखा या एटीएम नहीं होने के कारण लोगों को पैसा निकालने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और दैनिक बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

इससे ग्रामीणों को आर्थिक और समय दोनों स्तर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पिछले महीने रंजीता कोली के निर्देशन में एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था, जिसके माध्यम से जनता से सीधे संवाद स्थापित किया गया। इस डिजिटल पहल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसानों ने बैंकिंग सुविधाओं की कमी को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं। कई लोगों ने लिखित आवेदन भी सौंपे, जिनके आधार पर एक सूची तैयार कर वित्त मंत्री को दी गई। रंजीता कोली ने मांग की कि चिन्हित गांवों में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं और एटीएम जल्द खोले जाएं ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग द्वारा जल्द सर्वे कराया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और ग्रामीणों को बेहतर बैंकिंग सुविधा दिलाने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

## सार-समाचार

### सीएमएचओ ने किया सीएचसी श्रीमहावीरजी का निरीक्षण

**करौली ( निसं )।** हीटवेव प्रबंधन एवं एचपीवी वैक्सीनेशन की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद मीणा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमहावीरजी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हीटवेव से संबंधित तैयारियां संतोषजनक पाई गईं, जबकि एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने श्रीमहावीरजी स्थित निजी अस्पताल मेडलाइन का भी दौरा किया, जहां सोनोग्राफी मशीन अक्रियाशील पाए जाने पर उसे सीज कर दिया गया। खंड कार्यालय में आयोजित बैठक में लिंगानुपात की असमानता के कारणों और सुधार के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। बीसीएमओ डॉ. दर्शन सिंह ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर लिंगानुपात सुधार के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही टीम गठित कर पिछले महीनों में हुई डिलीवरी का डेटा एकत्रित किया जाएगा और मेल-फीमेल अनुपात का विश्लेषण कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### काली बगीची गौशाला प्रांगण में बैठक का आयोजन हुआ

भरतपुर (निस)। काली बगीची शक्तिपीठ एवं गौशाला प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट शिव सिंह ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट शिव सिंह ने कहा कि पिछले कई वर्षो से काली बगीची स्थित गौशाला में गौमाता का संरक्षण व रखरखाव बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है व उक्त स्थान पर सार्वजनिक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आदि समय-समय पर होते रहे हैं। परन्तु कुछ भूमाफियाओं द्वारा उक्त सार्वजनिक बगीची पर अतिक्रमण करने की कोशिश की जा रही है। जबकि उक्त स्थान पर विभिन्न समाज के लोगों के पितरों के थान आदि बने हुए हैं। सरकारी कूआ भी है व विभिन्न सामाजिक लोगों द्वारा मंदिर निर्माण व गौशाला में आर्थिक सहायता की जाती है। इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक संघर्ष समिति बनाने का निर्णय लिया गया एवं जिला प्रशासन से मुलाकात कर ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जावेगी। उक्त भूमाफिया उक्त सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण कर व्यावसायिक निर्माण कराना चाहते हैं।

### भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**करौली( निसं )।** माइनिंग विभाग के नाकों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला और जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि माइनिंग विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से वाहन चालकों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा निर्धारित रवन्ना एवं रॉयल्टी शुल्क 358 रुपये 50 पैसे है, जबकि नाकों पर वाहन संचालकों से 450 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। भाजपा नेताओं ने इसे भ्रष्टाचार बताते हुए कहा कि इससे सरकार को राजस्व हानि पहुंच रही है। उन्होंने मांग की कि माइनिंग विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों की मिलीभगत की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### चैनपुर गाधौली में करौली विधायक ने ग्राम रथ अभियान में की शिरकत

**करौली( निसं )।** करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने शुक्रवार को करौली विधानसभा क्षेत्र के मासलपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर गाधौली में आयोजित ग्राम रथ अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक ने रथ यात्रा का स्वागत किया और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि यह ग्राम विकास रथ यात्रा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को विशेष रूप से किसान हितकारी कार्यक्रमों, जनसेवा से जुड़ी योजनाओं और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए चलाई जा रही मुहिमों के बारे में जागरूक किया गया।

### प्रभारी मंत्री का करौली दौरा 12 मई को

**करौली( निसं )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि राज्य मंत्री, गृह गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मतस्य विभाग एवं प्रभारी मंत्री करौली जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में आमजन की जन सुनवाई, रात्रि चौपाल कार्यक्रम निर्धारित है जिसके तहत 12 मई, मंगलवार को सूरोठ तहसील के ग्राम शेरपुर में ग्राम रथ अभियान के दौरान रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल आयोजन स्थल पर नियत समय पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करे।

### मुआवजा राशि हेतु जमा कराए दस्तावेज

**करौली( निसं )।** भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी करौली प्रेमराज मीना ने बताया कि एनएच 23 बायपास करौली निर्माण हेतु तहसील करौली के राजस्व गॉव गोपालपुर साय, रामपुर, बरखेडा, करौली पटवार हल्का 8, 9, 10 तथा दीपपुरा में से अर्जन की गयी भूमि के समस्त भूस्वामी एवं हितधारक अपने हिस्से की मुआवजा राशि हेतु कार्यालय के कमरा नम्बर 3 में किसी भी कार्यदिवस को प्रातः 10:30 से सायं 5 बजे तक उपस्थित होकर दस्तावेज पेश करना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि भूस्वामी एवं हितधारक पटवारी द्वारा जारी नवीनतम जमाबंदी की प्रति, स्वप्रमाणित आधार कार्ड व पैनकार्ड की प्रति, 10 रू के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र, रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, बैक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति लेकर आना सुनिश्चित करें।

### सरमथुरा स्कूल में छात्रों को मिली कानून की जानकारी

**सरमथुरा( निसं )।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में साइबर जागरूकता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी और स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सरमथुरा थाना प्रभारी हरिंद सिंह ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी और सोशल मीडिया अपराधों से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने प्रतिभागियों को साइबर हेल्पलाइन 1930 के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना था। स्टूडेंट्स को विशेष रूप से सोशल मीडिया का उचित और जागरूक तरीके से उपयोग करने की सलाह दी गई। इस दौरान सीएलजी सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए।

### जाट समाज चौरासी ब्रांच कांचरौली की बैठक कल

**हिंडौन सिटी( निसं )।** जाट समाज 84ब्रांच कांचरौली की बैठक कल ब्रांच मुख्यालय कांचरोली मे आयोजित की जाएगी । कांचरोली ब्रांच के महामंत्री श्याम बिहारी ने बताया कि जाट समाज 84 ब्रांच कांचरौली केअध्यक्ष भागमल चौधरी की अध्यक्षता में बैठकआयोजित होगी । जाट समाज 84 के अध्यक्ष पद एवं कांचरौली ब्रांच अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा । वहीं समाज सुधार के अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा के लिए ब्रांच काँचरौली मुख्यालय पर आमसभा का आयोजन किया जाएगा । जिसमें समाज हित के सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी सभी समाज बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या आने की अपील है ।

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar – Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. :- F.( ) Store./COA/Bhusawar/2026/98 Date :- 06/05/2026
NOTICE INVITING BID
Bid for open tender regarding Bus for Educational Tour is invited from interested bidders upto 11 AM, 13-05-2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state; www.sknau.ac.in University website.
NIB code SKN2627A0032 and UBN is SKN2627SSOB00030
Raj.Samwad/C/26/2377 DEAN